Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding fixation of pay of TGTs in Kendriya Vidyalayas -laid.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) में शिक्षकों को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर सीनियर स्केल अर्थात वेतनमान लेवल 7 से लेवल 8 प्रदान की जाती है । सीनियर स्केल मिलने पर उसका वेतनमान एक इंक्रीमेंट के साथ उसके द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार तत्काल यां अगले इंक्रिमेंट क़ी तिथि से अगले लेवल मे फिक्स किया जाना चाहिए. परन्तु दिल्ली संभाग मे सभी TGTs का वेतन ₹64100 पर ही फिक्स किया जा रहा है अर्थात उन्हें वेतन मे 1 रूपये का भी लाभ नहीं मिल रहा है, इसके साथ ही उन्हें इन्क्रीमेंट के तिथि बदलने का लाभ भी नहीं दिया जा रहा हैं. यह वेतन निर्धारण के बारे मे DoPT के OM दिनांक 27.07.2017 तथा वित्त मंत्रालय के OM दिनांक 28.11.2019 के प्रावधानो के विपरीत है ।

शिक्षा मंत्रालय से अनुरोध है कि KVS को इन गलतियों को ठीक करने हेतु उचित निर्देश जारी करें ताकि प्रभावित TGTs को देय लाभ मिल सके।